प्रख्यात चिकित्सा शोध जर्नल 'द लानसेट' का अब मध्य प्रदेश में हिन्दी में भी होगा प्रकाशन

चर्चा में क्यों?

- 14 सितंबर, 2023 को हिन्दी दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने चिकित्सा जगत् में विश्व प्रख्यात जर्नल 'द लानसेट'जल्द ही हिन्दी में भी प्रकाशित करने की घोषणा की।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर चिकित्सा शिक्षा मंत्री सारंग ने 'द लानसेट'की डिप्टी पब्लिशिंग हेड फियोना मेकलेव और एलजीवियर पब्लिकेशन इंडिया के प्रमुख शंकर कौल के साथ बताया कि एमबीबीएस की अंग्रेज़ी पुस्तकों का हिन्दी में लिप्यान्तरण का कार्य कर रहा 'हिन्दी चिकित्सा प्रकोष्ठ मंदार' ही जर्नल के हिन्दी रूपांतरण कार्य को संपादित करेगा।
- इसके लिये शीघ्र ही अधिकृत एमओयू किया जाएगा, जो आगामी तीन वर्ष (2024-27) के लिये होगा, जिसकी कार्यवाही प्रचलन में है।
- ज्ञातव्य है कि 'द लानसेट' विश्व का सबसे प्रमुख एवं सबसे प्रभावशील शोध जर्नल है।
- इस जर्नल के हिन्दी रूपांतरण को लेकर विगत कई दिनों से हुई चर्चा के परिणामस्वरूप अब चिकित्सा शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश और 'द लानसेट'-रीजनल हेल्थ साउथ ईस्ट एशिया का हिन्दी भाषा में भी रूपांतरण करेंगे।
- 'द लानसेट'अंग्रेज़ी भाषा के साथ ही स्पेनिश और पुर्तगाली में भी प्रकाशित किया जाता है। वहीं अब हिन्दी विश्व की चौथी भाषा होगी, जिसमें इसका प्रकाशन होगा।
- 'द लानसेट'- रीजनल हेल्थ साउथ ईस्ट एशिया जर्नल के हिन्दी में उपलब्ध होने से चिकित्सा विद्यार्थियों एवं चिकित्सकों को शोध के क्षेत्र में भी रिसर्च कंटेंट स्थानीय भाषा में मिल सकेगा।
- इस जर्नल के ट्रांसलिट्रेशन का कार्य हिन्दी प्रकोष्ठ चिकित्सा शिक्षा विभाग के चिकित्सकों द्वारा किया जाएगा।
- उल्लेखनीय है कि चिकित्सा शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश ने देश में पहली बार हिन्दी में मेडिकल की पढ़ाई प्रारंभ की है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/famous-medical-research-journal-the-lancet-will-now-be-published-in-hindi-in-madhya-pradesh